# रेड अलर्ट पर ग्वालियर :15 घंटे में 2.7 इंच बारिश से शहर पानी-पानी

रविन्द्र सिंह चौहान

**ग्वालियर 18 जुलाई.** शहर में बारिश का दौर लगातार जारी है, जो ग्वालियर कल तक यलो जोन में था, अब वह रेड जोन में आ गया है। ऐसे में अब यहां अति भारी बारिश होगी, जो कि आगामी दिनों तक ऐसे ही जारी रहेगी। गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार की सुबह तक 10 घंटे में जिले में 2.5 इंच बारिश दर्ज की गई। इससे शहर पानी-पानी हो गया।

शुक्रवार शाम 4.30 बजे तक जिले में बीते 15 घंटे में 2.7 इंच पानी गिरा, जो कि 64.2 मिमी दर्ज हुआ। इसके साथ ही जिले में

## चैंबर के ढक्कन तक टूटे, जलभराव से लोग परेशान


औसत बारिश का आंकड़ा 622.8 मिमी पर पहुंच गया। लगातार जारी बारिश से जिले की औसत बारिश का आंकड़ा एक-दो दिन में पूरा हो जाएगा जो कि 706.2 मिमी है। इसे पूरा होने में सिर्फ 83 मिमी औसत बारिश की जरुरत है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अति भारी बारिश होगी, जिसमें हवा भी चलेगी, जिसकी रफ्तार 6 किमी प्रतिघंटा से लेकर 8 किमी प्रतिघंटा रह सकती है। ग्वालियर के अलावा दतिया, भिंड, मुरैना में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं श्योपुर,अशोकनगर व शिवपुरी अब यलो जोन में आ गए, यहां बारिश तो होगी, लेकिन सामान्य। वहीं ग्वालियर में बारिश का दौर ऐसे ही जारी रहेगा, जिसमें रात के समय तेज बारिश की संभावना है। बारिश के बीच स्कूल, ऑफिस व दुकानों पर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया।

**तिघरा व अपर ककैटो के**




**खुल सकते हैं गेट-** जल संसाधन विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तिघरा डैम का वाटर लेवल वर्तमान में 738.10 फीट है, जिसे 738.50 फीट तक ले जाया जाएगा। लगातार हो रही बारिश को देखें तो यह लेवल दोपहर तक पहुंच जाएगा, जिसके बाद तिघरा डैम के पांच गेट खोले जाएंगे। वहीं जलसंसाधन विभाग के सहायक यंत्री हेमंत शुक्ला ने बताया कि अपर ककैटो का वाटर लेवल फुल चल रहा है जो कि 370 मीटर है, वहीं ककैटो का वाटर लेवल भी फुल है। लगातार हो रही बारिश के बाद अपर ककैटो में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शाम तक इसके गेट खोले जाएंगे। जिसे ककैटो डैम में छोड़ा जाकर वहां से पार्वती नदी में छोड़ा जाएगा। वर्तमान में ककैटो डैम का एक गेट 20 सेंटीमीटर तक खुला है।





### सड़कों गड्ढों में पलट रहे वाहन

बारिश ऐसे तो क्षेत्र के लिए राहत से कम नहीं है, लेकिन शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया है। जलभराव के कारण सड़कों के गड्ढे नजर नहीं आ रहे हैं। जिनमें वाहन अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं। ऐसा ही नजारा महाराज बाड़ा पर देखने में मिला, जहां एक ई-रिक्शा जलभराव में गड्ढे में सवारी सहित पलट गया। जिसमें एक महिला को चोट भी आई। सड़कों पर जलभराव की स्थिति होने के बाद भी नगर निगम के द्वारा सड़कों के गड्ढों को भरवाने का काम नहीं किया जा रहा है। जिससे लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। बारिश के बीच न सिर्फ सड़कों के गड्ढे परेशानी का सबब बन रहे हैं बल्कि, सीवर चैबर के टूटे ढक्कन भी परेशानी बढ़ रहे हैं। शहर में महाराज बाड़ा, गोल, फूलबाग, पड़ाव, सिटी सेंटर तक की सड़कें जलमग्न हो चुकी हैं।

### कॉलोनियां हुईं जलमग्न, घरों तक में भरा पानी

शहर में बीती रात से लेकर शुक्रवार की सुबह तक फायर स्टेशन पर जलभराव की 35 से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें सबसे ज्यादा शिकायतें शिक डीडी नगर की हैं। लोगों ने बताया कि यहां सड़कों के साथ लोगों के घरों तक में पानी भर गया। जिसे पानी की मोटर लगाकर खाली किया गया। शहर के डीडी नगर के अलावा भगत नगर, समर्थ नगर सहित अन्य कॉलोनियां भी बारिश में पानी-पानी हो गई।

### फायर ब्रिगेड के जिम्मे शहर के पानी का निकास

शहर में जलभराव के निकास की जिम्मेदारी ऐसे तो निगमायुक्त संघ प्रिय ने दल गठित कर अन्य कर्मचारियों को दी है, लेकिन असल में यह जिम्मेदारी फायर ब्रिगेड की टीम संभाल रही है। जिसमें बारिश के साथ ही फायर टीम के पास दिन-रात में लगातार सैकडों पानी भरने की शिकायतें पहुंच रही हैं। ऐसे में फायर दल मौके पर पहुंचकर जलभराव की समस्या से अकेले ही निपट रहा है।



### बारिश से फिर धसकी सड़क, ट्रक पलटा

ग्वालियर-शहर में गुरुवार रात से हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है दिनरात व्यस्त रहने बाली बहोड़ापुर क्षेत्र अंतर्गत आगरा-मुम्बई रोड जिस पर हर रोज हजारों भारी लोडिंग वाहन निकलते रहते है बारिश के कारण धसक गई उसी रोड से निकल रहा ट्रक भी उसमें फस कर पलट गया बताया गया है कि ट्रक माल से भरा हुआ है ।।



**अबकी बरस न बोयो बाजरा, वर्षा भई अपार**

ग्वालियर-चम्बल संभाग में लगातार हो रही बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं, खेत-खलिहान तालाब बन गये हैं। बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही और किसानों के सामने खेती का संकट खड़ा हो गया है।



# जलभराव को लेकर सुनील शर्मा ने पानी में दिया धरना

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जुलाई.** हर बार की तरह इस बार भी आनंदनगर वासियों के लिए बारिश आफत बनकर आई। जलभराव से जूझ रहे लोगों की समस्या को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा ने अपनी टीम के साथ पानी में बैठकर धरना दिया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने नगर निगम की नाकामी को भी जमकर कोसा। उल्लेखनीय है कि शहर के आनंद नगर क्षेत्र में हर साल बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का सामना स्थानीय लोगों को करना पड़ता है।

नगर निगम द्वारा लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई कार्य नहीं किए जाते जिसके कारण लोगों को बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। इस बार जून माह के आखिर से ही बारिश का क्रम शुरू होने के कारण जलभराव की समस्या ने सभी को परेशान कर रखा है।

समस्या को लेकर जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पानी में ही धरना पर बैठ गए तो नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्द से जल्द जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया। इस समस्या के कारण आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है।

# कांग्रेस पार्षद की मनमानी से दुकानदारों का धंधा चौपट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जुलाई.** वार्ड 52 गुड़ा निवासी रेवती नंदन कुशवाहा ने नवभारत को बताया कि 2018 मे नगर निगम ग्वालियर द्वारा वार्ड 52 में गुडा की पुलिया पर 30 मीटर नाले कि नगर निगम ने पक्के निर्माण की मंजूरी दी थी इसी के तहत उस नाले का निर्माण एवं उसको पाटने हेतू मंजूरी प्रदान की गई थी उसे समय इस नाले का उद्घाटन तत्कालीन कैबिनेट मंत्री नारायण

## सुनवाई नहीं हुई तो सभी दुकानदार बैठेंगे आमरण अनशन पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया था इस मौके पर वार्ड 52 के भाजपा पार्षद सुजीत भदोरिया एवं वार्ड 55 के पार्षद मनोज तोमर भी उपस्थित थे लेकिन दिनांक 15 जुलाई को वार्ड पार्षद पति सोनू कुशवाहा ने रेवती नंदन कुशवाहा की दुकान सहित बनी हुई 20 दुकानों के सामने 30 मीटर नाले को जो पूरी तरह से पटा हुआ था तथा जिसकी चौड़ाई



10 और 12 फुट की करीब थी वर्तमान समय में उसमें ना तो कोई मलवा गिलाओ भरा हुआ था पानी का निकास भी आसानी से हो रहा था लेकिन उसने मनमानी कर उस नाले को जेसीबी मशीन बुलवाकर तोड़ दिया उसी दिन से आज दिनांक तक नाले के किनारे से बनी हुई 20 दुकानों के व्यवसाययों का धंधा पूरी तरह से चौपट हो गया है नगर निगम कमिश्नर को भी आवेदन दिया गया है तथा सांसद के आदेश के बाद भी नाले का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है सभी दुकानदार का धंधा चौपट हो गया है रेवत नंदन कुशवाहा ने नगर निगम से सीघ्र से शीघ्र नाले को पटवाने की नगर निगम से गुहार लगाई है अनयता व्यवसाय एवं दुकान मालिक अनिश्चितकाल के लिए आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।


## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष आयोजन

**ग्वालियर.** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी द्वारा आयोजित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर 7 दिवसीय साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रचनात्मक कार्य आयोजित किए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती की पूर्व संध्या पर कवि गण एवम् कवियित्रियों का सम्मान समारोह 2 अगस्त को स्थानीय दीनदयाल सिटी मॉल फूड कोर्ट थर्ड फ्लोर पर 5:30 बजे होगा संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि इस आयोजन में शहर के जाने-माने कवि एवम् कवियित्रियों को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त सम्मान से नवाजा जाएगा. सके लिए नाम आमंत्रित किए गए हैं इस अवसर संस्था के संरक्षक सुरेश गुप्ता दादा, आयोजन समिति डाक्टर मनीष रस्तोगी धीरज गोयल विशाल जैन मनोज कुचिया मुकेश गुप्ता अशोक जैन राजेश त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे

# व्हीआईएसएम हॉस्पिटल को मिली NABH की मान्यता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जुलाई.** नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फोर हॉस्पिटल एण्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर (NABH) ने व्हीआईएसएम हॉस्पिटल को अभी हाल ही में मान्यता प्रदान की है। व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुनील राठौर ने मान्यता मिलने की जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में उपलब्ध सुविधाऐं, साफ-सफाई, बेहतर सर्विसेंज एवं अन्य सुविधाओं को NABH ने भी स्वीकार किया और इसी को देखते हुए हॉस्पिटल को NABH की मान्यता प्रदान की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानक एजेंसी से




मान्यता मिलना हमारे लिये गर्व की बात होने के साथ साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। अब हमें मरीजों की उम्मीदों पर और भी खरा उतरना पड़ेगा। हमें विश्वास है कि अपनी टीम की बदौलत हम इस उम्मीद पर खरे उतरेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद मरीज को कम दरों में बेहतर ईलाज मुहैया कराया जाए क्योकि ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज छोटी-छोटी बीमारीयों को बड़ा बना लेते है। जिससे बाद में मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पडता है ।

उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व से ही हॉस्पिटल में प्रतिदिन निःशुल्क ओपीडी (सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक), निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कम दरों पर मरीज को ईलाज उपलब्ध करा रहें है। NABH की मान्यता मिलने से हमारे हॉस्पिटल में कार्य कर रही डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ की टीम का जोश और भी अधिक हो गया है।

# ग्वालियर का मेला खत्म करने का हो रहा षड्यंत्र

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 18 जुलाई.** 119 साल पहले ग्वालियर में आए भीषण सुखे के कारण अपनी रियासत के लोगों को एक ही जगह पर व्यापार करने के लिए तत्कालीन महाराजा स्व.माधवराव सिंधिया द्वितीय द्वारा लगाया गया ग्वालियर व्यापार मेला, जिसकी ख्याति देश के हर प्रदेश में ही नहीं बल्कि विदेशों तक में फैली हुई है, अब लगातार उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। मेला प्राधिकरण का गठन होने के बाद भी मेले का स्वरूप जो और वैश्विक स्तर का होना चाहिए था न होकर लगातार गिरता जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण के पदाधिकारी तो जिम्मेदार है ही शासन और प्रशासन के लोग भी कम जिम्मेदार नहीं है। मेले में कुछ व्यापारी ज्यादा से ज्यादा दुकान अपने नाम रिजर्व कर उसे ब्लैक में बेच देते हैं, प्राधिकरण उन व्यापारियों पर नकेल तो नहीं डाल पाया लेकिन अब उसने एक नई पहल करते हुए मेले की दुकानों का आवंटन ऑनलाइन ई टेंडर के माध्यम से करने का फैसला किया है इस फैसले की खबर मिलते ही मेले के उन व्यापारियों के माथे पर सिकन आ गई जो वर्षों से ग्वालियर व्यापार मेले में अपनी दुकान सजाते रहे हैं। इनमें कुछ स्थानीय तो कुछ बाहर के राज्यों से आने वाले व्यापारी हैं। मेले में व्यापारियों के दो संगठन कार्य करते हैं इन संगठनों ने भी अपने-अपने स्तर पर इस फैसले का विरोध कर मेला प्राधिकरण के अधिकारियों को ज्ञापन देकर ई टेंडर से दुकाने आवंटित करने का फैसला वापस लेने का अनुरोध किया है साथ-साथ इन संगठन और व्यापारियों ने चेतावनी भी दी है कि यदि प्राधिकरण ऐसा नहीं करता है तो वह मंत्रियों से लेकर न्यायालय की शरण तक अपनी फरियाद लेकर जाएंगे।

**मेला प्राधिकरण का निर्णय - ब्लैक में दुकानें न बेचे इसलिए ई टेंडर से आंवटन-** ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण ने गुरुवार को प्राधिकरण अधिकारी-कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जानकारी के अनुसार इसमें एक निर्णय लिया गया है जिसमें अगस्त माह से टेण्डर प्रक्रिया को शुरू करने की बात कही गई है। बैठक में तय हुआ है कि मेले को तय समय पर शुरू किया जाएगा। साथ ही मेला अवधि के दौरान यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि दुकानों की कालाबाजारी को लेकर सघन अभियान चलाया जाएगा। किसी भी हाल में दुकानों की कालाबाजारी नहीं होगी। इसके लिए इस बार से मेले में ई टेंडर से दुकानें आवंटित की जाएगी।

## इनका कहना हैं...


### चार-पांच सदस्य वर्चुअल बैठक कर इतना बड़ा फैसला कैसे कर सकते हैं?



मेला प्राधिकरण के चार-पांच सदस्यों ने वर्चुअल बैठक बुलाकर मेला व्यापारियों के भविष्य और मेला की विरासत को प्रभावित करने वाला इतना महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया, जबकि इस तरह के व्यापक निर्णय के लिए प्राधिकरण की पूर्ण बैठक बुलाई जाती हैं।

**महेंद्र भदकारिया,अध्यक्ष, मेला व्यापारी संघ**

### मेले की पहचान होगी नष्ट, पीढ़ी दर पीढ़ी लगा रहे व्यापारी दुकानें उनका क्या होगा?



पीढ़ी दर पीढ़ी मेले में व्यापारी बाहर से आकर अपनी दुकानें लगाते हैं। ई टेंडर प्रक्रिया में यह व्यवस्था भंग हो जाएगी और मेले की पहचान नष्ट हो जाएगी ऐसा लगता है जैसे उज्जैन मेले को बढ़ावा देने के लिए ग्वालियर व्यापार मेले को नष्ट किए जाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं और शासन प्रशासन और मंत्रियों तक अपना विरोध प्रकट करेंगे।

**महेश मुदगल,सचिव,व्यापारी संघ**

### पिछले मेले में भरवाए थे फॉर्म लिए थे पैसे, अब उसका क्या होगा?

पिछले मेले में पूर्व सचिव ने हम व्यापारियों को पत्र और अनाउंसमेंट कर अगले मेले की दुकानें रिजर्व करने के लिए



फॉर्म भरवाए थे जिनकी फीस 352 रुपए रखी गई थी कई व्यापारियों ने वह फॉर्म भरे थे, अब उसका क्या होगा? ई टेंडर प्रक्रिया मेला खत्म करने की साजिश है जो की एक बड़े नेता के इशारे पर की जा रही है। कुछ लोग शायद मेले में मॉल बनाना चाहते हैं। 2019 में बी एन शर्मा कमिश्नर द्वारा जो व्यापारी कालाबाजारी करते हैं उनके खिलाफ जांच करवाई थी उसमें अब तक कोई कार्रवाई नहीं की, एक टेंडर से कालाबाजारी कैसे रुकेगी क्या प्राधिकरण या स्पष्ट करेंगा? हम इस व्यवस्था का विरोध करते हैं और करते रहेंगे।

**अनुज गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष व्यापारी संघ**



मेला प्राधिकरण मध्य प्रदेश फैसेलिटीज सेंटर का सही इस्तेमाल नहीं कर पाया स्व. माधवराव सिंधिया दिल्ली हाट की तरह मेले को विकसित करना चाहते थे लेकिन अब यह किसी गांव की हाट जैसा बनता जा रहा है जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ प्राधिकरण जिम्मेदार है। यदि मेल को ई टेंडर के माध्यम से बेचा जाएगा तो इससे बड़े पैसे वाले व्यापारी ज्यादा दुकान बुक कर लेंगे और फिर वह ब्लैक में दुकान नहीं बचेंगे इसकी क्या गारंटी है। हम इस व्यवस्था का विरोध करते हैं और अगर प्राधिकरण नहीं माना तो कोर्ट भी जाएंगे।

**बलवीर खटीक,अध्यक्ष, मेला दुकानदार व्यापारी कल्याण संघ**

### व्यापारी सहमत नहीं- जताया रोष,दिया ज्ञापन, कहा जाएंगे कोर्ट

ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष से मेले की 75त्र दुकानों के ई टेंडर आवंटन की खबर से व्यापारी वर्ग नाराज है। मेले में व्यापारीगण के हितों की रक्षा के लिए दो संगठन कार्य करते हैं एक के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया है तो दूसरे के बलवीर खटीक दोनों ही संगठनों ने नई प्रक्रिया का विरोध किया और इसे ग्वालियर व्यापार मेला को खत्म करने का षड्यंत्र बताया। व्यापारियों को दुकान आवंटन में भविष्य में होने वाली समस्याओं की आशंका सता रही है। मेला व्यापारियों ने उक्त निर्णय शीघ्र वापस लिए जाने की मांग करते हुए विरोध स्वरूप आगामी मंगलवार 22 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 3 तक मेला प्राधिकरण मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया हैं।


नियम 92 ( 1 ) ( क ) ( ii )

ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप

मध्यप्रदेश शासन

नगर पालिक निगम, ग्वालियर

**निविदा सूचना**

Ro क्र. 489 दिनांक 18/07/25 दिनांक 18/07/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_416955_2 15.07.2025 | वार्ड क्र.61 खुले कुओं पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत लोहे के जाल कार्य। | 30 दिन 1,80,468/- | 1000 3609/- | 30.07.2025 |
| 2. | 2025_UAD_437501_1 15.07.2025 | वार्ड क्र.62 सांदपुर बाबा मंदिर होते हुए भोडरी मुख्य मार्ग डामरीकरण रोड निर्माण कार्य। | 120 दिन 99,77,872/- | 10000 74834/- | 18.07.2025 |
| 3. | 2025_UAD_437511_1 15.07.2025 | वार्ड क्र.62 गिरगांव मंदिर से वेयर हाउस तक डामरीकरण रोड निर्माण कार्य। | 60 दिन 64,69,800/- | 10000 48523/- | 18.07.2025 |
| 4. | 2025_UAD_410304_2 15.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम कुबरपुर में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में जीर्णोद्धार कार्य। | 90 दिन 12,61,891/- | 2000 9464/- | 30.07.2025 |
| 5. | 2025_UAD_410291_2 15.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम चकरायपुर प्रायमरी स्कूल का अतिरिक्त कमरा, शौचालय एवं अन्य कार्य। | 90 दिन 11,28,239/- | 2000 8462/- | 30.07.2025 |
| 6. | 2025_UAD_410244_2 15.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम मऊ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 90 दिन 12,67,631/- | 2000 9507/- | 30.07.2025 |
| 7. | 2025_UAD_416216_2 15.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम विशाल का पुरा में शासकीय प्राथमिक विद्यालय जीर्णोद्धार कार्य। | 60 दिन 8,54,149/- | 2000 8541/- | 30.07.2025 |
| 8. | 2025_UAD_412780_3 15.07.2025 | (पार्षद निधि) वार्ड क्र.65 में विभिन्न स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 30 दिन 6,46,274/- | 2000 6363/- | 30.07.2025 |
| 9. | 2025_UAD_436840_1 11.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम तुरारी में आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य | 180 दिन 79,08,821/- | 10000 59316/- | 12.08.2025 |
| 10. | 2025_UAD_437351_1 15.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम लाखनौती कला में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 120 दिन 77,14,752/- | 10000 57861/- | 18.08.2025 |
| 11. | 2025_UAD_437728_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 तुरारी गांव मोड़ से माता के मंदिर तक डब्ल्यू.बी.एम. रोड निर्माण कार्य। | 60 दिन 12,08,408/- | 2000 9063/- | 18.08.2025 |
| 12. | 2025_UAD_437739_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 की विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 60 दिन 12,46,543/- | 2000 9349/- | 18.08.2025 |
| 13. | 2025_UAD_437746_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम तुरारी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 90 दिन 16,82,190/- | 2000 12616/- | 18.08.2025 |
| 14. | 2025_UAD_414660_2 16.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम बरुआ में धीरेन्द्र किरार के घर से बंटी की दुकान तक एवं सती माता मंदिर से कुशवाह मोहल्ला तक नाली निर्माण कार्य। | 90 दिन 12,49,455/- | 2000 9371/- | 01.08.2025 |
| 15. | 2025_UAD_415684_2 16.07.2025 | वार्ड क्र.63 ग्राम गंगा मालनपुर मिडिल स्कूल में इंटर लॉकिंग टाइल्स एवं अन्य कार्य। | 90 दिन 11,77,673/- | 2000 8833/- | 01.08.2025 |
| 16. | 2025_UAD_415708_2 16.07.2025 | वार्ड क्र.64 ग्राम थर में शासकीय प्राइमरी स्कूल का जीर्णोद्धार कार्य। | 60 दिन 6,67,067/- | 2000 6671/- | 01.08.2025 |
| 17. | 2025_UAD_415741_2 16.07.2025 | वार्ड क्र.64 ग्राम टेहलरी में शासकीय प्राइमरी स्कूल का जीर्णोद्धार कार्य। | 60 दिन 6,61,307/- | 2000 6613/- | 01.08.2025 |
| 18. | 2025_UAD_437716_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम नौगांव ओडो का पुरा में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। | 90 दिन 12,67,631/- | 2000 9507/- | 18.08.2025 |
| 19. | 2025_UAD_437720_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम लोंडरा की विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 90 दिन 12,02,813/- | 2000 9021/- | 18.08.2025 |
| 20. | 2025_UAD_437723_1 16.07.2025 | वार्ड क्र.66 ग्राम बजरंगपुरा आदिवासी बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 90 दिन 12,67,671/- | 2000 9507/- | 18.08.2025 |

नोट :-निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम ग्वालियर


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95